दैनिक भास्कर 29/04/2023

# हिंदी कविता पाठ में रबनूर ने जीता पहला स्थान

भास्कर न्यूज | अम्बाला

एसए जैन कॉलेज द्वारा युवा एवं सांस्कृतिक विभाग केयू की तरफ से डॉ. पदम सिंह शर्मा कमलेश मेमोरियल हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में प्रबंधक समिति प्रधान राजिंद्र कुमार जैन मुख्यातिथि और युवा एवं सांस्कृतिक विभाग निदेशक डॉ. महा सिंह पूनिया विशिष्ट अतिथि थे। सचिव हितेष जैन, संयुक्त सचिव राजीव जैन भी मौजूद रहे। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने मंगलाचरण गाया और प्रिंसिपल डॉ. आभा बंसल ने मेहमानों का अभिवादन किया। निर्णायक मंडल में प्रो. अजायब सिंह, एमएलएन कॉलेज रादौर, बृज शर्मा लेखक व निर्देशक रेडियो स्टेशन कुरुक्षेत्र, एसडी संस्कृत कॉलेज कैंट सेवानिवृत्त प्रो. आचार्य महावीर शास्त्री मौजूद थे। प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज की रबनूर ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय सिटी की आशिमा ने द्वितीय, जीएमएन कॉलेज के तरुण कुमार ने तृतीय स्थान पाया। मंच संचालन प्रो. भारती, आयोजक मंडल में सांस्कृतिक प्रभारी विजय गेंद, उप प्रभारी डॉ. सुरेश, प्रो. मधु बाला, डॉ. विजय सेठ, प्रो. ललिता, डॉ. कविता सिंगला, डॉ. धर्मबीर, डॉ. सुमन लूथरा मौजूद थे।



सिटी के एसए जैन कॉलेज के विजेता विद्यार्थी व स्टाफ।